**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय**
**ज्ञान–पथ, समरहिल, शिमला–171 005**
**सामान्य प्रशासन शाखा**

# विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 17–02–2021 को आयोजित की जाने वाली बैठक की कार्यवाही

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक दिनांक 17–02–2021 को पूर्वाह्न 11:00 बजे श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. आचार्य सिकन्दर कुमार, माननीय कुलपति, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
2. आचार्य नागेश ठाकुर, अधिष्ठाता, अभियांत्रीकी एवं तकनीकी संकाय, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
3. आचार्य पी.के. गर्गा, अधिष्ठाता, पर्यावरण विकास एवं सतत् अध्ययन संकाय, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
4. श्रीमती नम्रता टिक्कू, प्राचार्य, राज० महाविद्यालय, सोलन।
5. श्रीमती अनीता ठाकुर, सहायक आचार्या, राज० महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन।
6. आचार्य (श्रीमती) रंजना भान, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
7. डॉ० अनिल कुमार जरयाल, प्राचार्य, राज० महाविद्यालय, खुण्डियां, कांगडा।
8. आचार्य सेवा सिंह चौहान, लोक प्रशासन विभाग, हि0प्र0वि0वि0, शिमला।
9. आचार्य वी० पी० शर्मा, विशिष्ट भवन, नज़दीक पुलिस पोस्ट, समरहिल, शिमला–5
10. डॉ० नीरा वालिया, सह आचार्य (अंग्रेजी), सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला–1
11. श्री विपन कुमार, अनुभाग अधिकारी, स्थापना शाखा, हि०प्र०वि०शिमला।
12. आचार्य प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, कांगडा।
13. डॉ० आर.के. राजू (सेवानिवृत) कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर।
14. डॉ० मथुरा दास शर्मा, सह–आचार्य, संस्कृत महाविद्यालय, दोगी, ऊना।
15. श्री ललित पाठक, निदेशक, कृष्णा शिक्षण केन्द्र, नेरचौक, मण्डी।
16. श्री बुद्धि राम, अधिक्षक, परीक्षा शाखा, हि०प्र०वि०शिमला।
17. प्रधान सचिव (शिक्षा), हि०प्र० सरकार।
18. निदेशक (शिक्षा), हि०प्र० सरकार।
19. श्री सुनील शर्मा, कुलसचिव

# कुलपति महोदय का स्वागत भाषण

विश्वविद्यालय कोर्ट की 32वीं नियमित बैठक में मैं सभी सम्माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश व कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, श्री बंडारू दत्तात्रेय जी का विश्वविद्यालय कोर्ट की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पधारने पर हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

सर्वप्रथम मैं सभी सम्माननीय सदस्यों को सूचित करना चाहूंगा कि वैश्विक महामारी 'कोविड-19' कोरोना वायरस के कारण विश्वविद्यालय को दिनांक 22 मार्च, 2020 से लॉकडाउन के कारण बंद कर दिया गया था तथा इस दौरान भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों को पूर्णतः लागू किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए ऑनलाईन कक्षाएं आरम्भ की गई तथा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य, सुरक्षा, आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति करने वाले सभी कर्मचारियों,एनसीसी व एनएसएस वारियर्स ने इस महामारी से बचाव के लिए आम जनता को अवगत करवाया। विश्वविद्यालय परिसर में उचित सफाई के साथ-साथ थर्मो स्कैनिंग तथा सैनिटाईजेशन निरन्तर चल रही है।

दिनांक 22 जुलाई, 2020 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का 51वाँ स्थापना दिवस "स्वर्ण ज़यन्ती समारोह" विवेकानन्द भवन में आयोजित किया गया। यह समारोह भारतवर्ष में कोविड-19 महामारी के चलते केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों तथा सामाजिक दूरी का पालन करते हुए बहुत ही संक्षिप्त तथा गरिमापूर्ण तरीके से आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, श्री बंडारू दत्तात्रेय जी द्वारा की गई। इस समारोह में तत्कालीन माननीय शिक्षा मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, श्री सुरेश भारद्वाज जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

मैं सभी सम्माननीय सदस्यों को सूचित करना चाहूंगा कि वैश्विक महामारी 'कोविड-19' कोरोना वायरस से लॉकडाउन के कारण कई पाबंदियां थीं तथा इस दौरान भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों को पूर्णतः लागू किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की अंतिम सत्र की परीक्षाएं दिनांक 17.08.2020 से आयोजित की गईं, हालांकि माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा इन परीक्षाओं को रोकने के आदेश दिए गए थे किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में अपना पक्ष प्रभावी रूप से रखने पर दिनांक 19 अगस्त, 2020 से यह परीक्षाऐं निरन्तर आयोजित की गईं

व दिनांक 15 सितम्बर, 2020 तक पूरी कर ली गईं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षाऐं दिनांक 15 सितम्बर, 2020 से प्रदेश के 38 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गईं, जिसकी पूरी कार्ययोजना केन्द्रीय गृह मन्त्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा राज्य सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार तैयार की गई थी।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर केन्द्र, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, इक्डोल, क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला, विधिक अध्ययन संस्थान, वाणिज्य प्रबन्धन महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी संस्थान में विभिन्न विषयों में आचार्य, सह-आचार्य तथा सहायक आचार्य के लगभग 75 पदों पर शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की गई।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाऐं आयोजित की गईं:-

1. दिनांक 14 जनवरी, 2020 को कुलपति क़ार्यालय में विश्वविद्यालय व एन.बी.आई. के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
2. दिनांक 16 व 17 जनवरी, 2020 को गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय तथा उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, उत्तराखण्ड में दोनों कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
3. दिनांक 20 जनवरी, 2020 को समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के मॉडल स्कूल के बनने वाले भवन हेतु समीक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित किया।
4. दिनांक 23 व 24 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के परिसर, बैंगलूरू में दो दिवसीय उन्मुखी कार्यक्रम में भाग लिया।
5. दिनांक 1 फरवरी, 2020 को शिमला में अनुसूचित जाति अधिवेशन में भाग लिया।
6. दिनांक 11 फरवरी, 2020 को राजभवन में अलंकरण समारोह में भाग लिया।
7. दिनांक 14 फरवारी, 2020 को भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् की शासकीय मण्डल की बैठक में भाग लिया।
8. दिनांक 17 फरवरी, 2020 को प्रदेश सचिवालय, शिमला में राज्य योजना बोर्ड की बैठक में भाग लिया।
9. दिनांक 24 फरवरी, 2020 को पीटर हॉफ, शिमला में जनता टीवी द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'दो साल जयराम सरकार' में भाग लिया।
10. दिनांक 24 फरवरी, 2020 को विश्वविद्यालय की सौन्दर्यीकरण समिति की बैठक की अध्यक्षता की।
11. दिनांक दिनांक 6 मार्च, 2020 को विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों व केन्द्रों के निदेशकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।
12. दिनांक 7 मार्च, 2020 को विश्वविद्यालय महिला अध्ययन विकास केन्द्र द्वारा **"महिला दिवस"** के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

13. दिनांक 8 मार्च, 2020 को कांगड़ा में डॉ अब्दुल कलाम मानव कल्याण सोसाईटी द्वारा आयोजित स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान-2019 में भाग लिया।

14. दिनांक 8 मार्च, 2020 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला के प्राध्यापक वर्ग से विचार-विमर्श किया।

15. दिनांक 16 मार्च, 2020 को समिति कक्ष में अधिष्ठाता अध्ययन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलसचिव, मुख्य छात्रपाल, परीक्षा नियन्त्रक, वित्त अधिकारी, निदेशक इक्डोल, निदेशक मा.स.वि.के., पुस्तकाल्याध्यक्ष और चिकित्या अधिकारियों के साथ कोविड-19 कोरोना वायरस से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

16. दिनांक 16 मार्च, 2020 को कुलपति कार्यालय में पंचायती राज सचिव की परीक्षा करवाने हेतु अधिष्ठाता अध्ययन, अधिष्ठाता योजना के साथ बैठक आयोजित की गई।

17. दिनांक 20 मार्च, 2020 को गेयटी थियेटर, शिमला में दृश्य कला विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी के उदघाटन समारोह में भाग लिया।

18. दिनांक 8 मई, 2020 को विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया गया।

19. दिनांक 20 मई, 2020 को समिति कक्ष में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, यू.जी.सी. मानव संसाधन विकास केन्द्र, दृश्य कला एवं श्रव्य संकाय के संयुक्त तत्वावधान में 7 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय वैबिनार का शुभारम्भ किया।

20. दिनांक 21 मई, 2020 को विश्वविद्यालय परिसर में 'आतंकवाद विरोधी दिवस' प्रतिज्ञा समारोह आयोजित किया गया।

21. दिनांक 9 जून से 19 जून तक विश्वविद्यालय के सभी विभागों शोध केन्द्रों व संस्थानों में सभी प्राध्यापकों के साथ विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर बैठकें आयोजित की गईं।

22. दिनांक 15 जून, 2020 को प्रदेश सचिवालय शिमला में स्नातक स्तर की परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में सचिव (शिक्षा) के साथ बैठक आयोजित की गई।

23. दिनांक 16 जून, 2020 को सचिवालय शिमला में वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई।

24. दिनांक 17 जून, 2020 को माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश के साथ एक वीडियो सम्मेलन में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित गतिविधियों से सम्बन्धित विचार-विमर्श किया।

25. दिनांक 19 जून, 2020 को कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में अकादमिक परिषद् की स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई।

26. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों व निदेशकों के साथ बैठक की।

27. दिनांक 17 जुलाई, 2020 को कुलपति सचिवालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बेबिनार की अध्यक्षता की।

28. दिनांक 18 जुलाई, 2020 को यू0जी0सी0 मानव संसाधन विकास केन्द्र के ''भारत में शिक्षा पर कोरोना के प्रभाव-पोस्ट कोविड-19 चुनौतियां और अवसर'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय वेबिनार की अध्यक्षता की।

29. दिनांक 20 जुलाई, 2020 को कुलपति सचिवालय में ''आत्मनिर्भर भारतः उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका'' विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

30. दिनांक 22 जुलाई, 2020 को विश्वविद्यालय के नव निर्मित विवेकानन्द भवन का लोकार्पण माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा श्री सुरेश भारद्वाज तत्कालीन माननीय शिक्षा मन्त्री, हि0प्र0 के कर कमलों द्वारा किया गया।

31. दिनांक 31 जुलाई, 2020 को कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में अधिष्ठाता अध्ययन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अधिष्ठाता योजना, मुख्य छात्रपाल, कुलसचिव तथा वित्त अधिकारी के साथ बैठक की।

32. दिनांक 20 अगस्त, 2020 को कुलपति कार्यालय से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की अकादमिक परिषद समिति की बैठक में भाग लिया।

33. दिनांक 20 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय में **''सदभावना दिवस''** की प्रतिज्ञा ली गई।

34. दिनांक 21 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में आई आई आई टी ऊना के तीसरे दीक्षांत समारोह में ऑनलाईन भाग लिया।

35. दिनांक 21 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

36. दिनांक 22 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय परिसर में श्री गोविन्द सिंह ठाकुर जी, माननीय शिक्षा मन्त्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में पौधरोपण आयोजित किया गया।

37. दिनांक 25 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय सभागार में गैर शिक्षक कर्मचारी निर्वाचन क्षेत्र से कार्यकारिणी परिषद् व विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य हेतु चुनाव आयोजित किया गया।

38. दिनांक 26 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में अन्तर विषयक अध्ययन विभाग-आई.आई.एच.एस द्वारा ''पर्यावरण विज्ञान के छात्रों की कौशल वृद्धि और व्यवसायिक विकास'' विषय पर ऑनलाईन कार्यशाला की अध्यक्षता की।

39. दिनांक 28 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय अध्यापक आवास परिसर में श्री सुरेश भारद्वाज जी, माननीय शहरी विकास, विधि एवं संसदीय कार्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में पौधरोपण आयोजित किया गया।

40. दिनांक 29 अगस्त, 2020 को राज भवन, हिमाचल प्रदेश में माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सम्बन्धित एक बैठक में भाग लिया।

41. दिनांक 29 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में मानव संसाधन विकास केन्द्र के आर0सी0-319 के समापन सत्र की ऑनलाईन अध्यक्षता की।

42. दिनांक 30 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया।

43. दिनांक 31 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में सी.सी.एस. सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की गई।

44. दिनांक 31 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में भारत रत्न डॉ0 भीम राव अम्बेडकर, डॉ0 केशव बलिराम हेडगेबार व हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के प्रथम मुख्यमन्त्री डॉ. यशवन्त सिंह परमार पीठों के लिए साक्षात्कार ऑनलाईन व ऑफलाईन आयोजित किए गए।

45. दिनांक 1 सितम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में दीन दयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी पीठों के लिए ऑनलाईन व ऑफलाईन साक्षात्कार आयोजित किए गए।

46. दिनांक 7 सितम्बर, 2020 को "उच्च शिक्षा को बदलने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका" विषय पर वीडियो सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारत के माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा की गई।

47. दिनांक 11 सितम्बर, 2020 को यू.आई.टी. के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

48. दिनांक 11 सितम्बर, 2020 को राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा फेसबुक पेज पर लाईव लेक्चर सीरीज़ की अध्यक्षता की।

49. दिनांक 13 सितम्बर, 2020 को विवेकानन्द केन्द, शिमला द्वारा आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की गई।

50. दिनांक 13 सितम्बर, 2020 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में भाग लिया।

51. दिनांक 13 सितम्बर, 2020 को इक्डोल के हिन्दी विभाग द्वारा "सूचना एवं प्रौद्योगिकी युग में हिन्दी भाषा की भूमिका" विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

52. दिनांक 15 सितम्बर, 2020 को इतिहास विभाग द्वारा "वैदिक सरस्वती और संस्कृति उच्च इतिहास का हाल ही में पुरातात्विक शोध" विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

53. दिनांक 23 सितम्बर, 2020 को कुलपति कार्यालय में संकाय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत अकादमिक कार्यों के सम्बन्ध में भर्ती समिति के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

54. दिनांक 25 सितम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय सभागार में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की 104-वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में "पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का व्यक्तित्व व कृतित्व" विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि-माननीय स्वास्थय मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, डॉ.राजीव सैजल थे।

55. दिनांक 26 सितम्बर, 2020 को अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा, हिमाचल प्रदेश द्वारा "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020" विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

56. दिनांक 26 सितम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

57. दिनांक 27 सितम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय इतिहास विभाग द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में "महात्मा गांधी की अहिंसात्मक क्रांतिः एक ऐतिहासिक अवलोकन" विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

58. दिनांक 29 सितम्बर, 2020 को कुलपति कार्यालय में प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित बैठक आयोजित की गई।

59. दिनांक 1 अक्तूबर, 2020 को विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में ''वर्तमान समय में महात्मा गांधी के विचारों की प्रासंगिकता'' विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

60. दिनांक 2 अक्तूबर, 2020 को विश्वविद्यालय राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के समापन समारोह के उपलक्ष्य में ''गांधी की 150 पर विरासत'' विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

61. दिनांक 5 अक्तूबर, 2020 को कुलपति कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक टैंडरिंग से सम्बन्धित बैठक आयोजित की गई।

62. दिनांक 6 अक्तूबर, 2020 को पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ द्वारा ''मानव जीवन में कृत्रिम बुद्धिमता की भूमिका'' विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

63. दिनांक 8 अक्तूबर, 2020 को राजकीय महाविद्यालय जवाली, हिमाचल प्रदेश द्वारा ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020-उच्च्य शिक्षा में नई शिक्षा'' विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

64. दिनांक 8 अक्तूबर, 2020 को अर्थशास्त्र विभाग की शोध विकास समिति की बैठक आयोजित की गई।

65. दिनांक 9 अक्तूबर, 2020 को वार्षिक लेखा 2018-19 के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।

66. दिनांक 9 अक्तूबर, 2020 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्राध्यापक संघ के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

67. दिनांक 13 अक्तूबर, 2020 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में चीफ पोस्ट मास्टर जनरल हिमाचल प्रदेश, श्रीमती मीरा रन्जन शेरिंग से शिष्टाचार स्वरूप भेंट की।

68. दिनांक 13 अक्तूबर, 2020 को विश्वविद्यालय के वैधानिक अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय डॉक्यूमेंटरी से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

69. दिनांक 15 अक्तूबर, 2020 को विश्वविद्यालय के सभी विभागों, संस्थानों व कार्यालयों में "Arsenicum Album 30" होम्योपैथिक प्रतिरक्षा बूस्टर दवा का वितरण किया गया।

70. दिनांक 16 अक्तूबर, 2020 को निदेशक, शिक्षा संचार संघ, नई दिल्ली ''भविष्य की सकारात्मकता'' विषय पर उद्बोधन देने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में आदान-प्रदान हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

71. दिनांक 17 अक्तूबर, 2020 को बाल विकास विभाग द्वारा ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020'' विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

72. दिनांक 18 अक्तूबर, 2020 को समापन समारोह के उपलक्ष्य में ''सामाजिक परिपेक्ष्य में सामाजिक परिवर्तन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भूमिका विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

73. दिनांक 21 अक्तूबर, 2020 को राज भवन, शिमला में माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के साथ शिष्टाचार स्वरूप भेंट की।

74. दिनांक 22 अक्तूबर, 2020 को शिक्षा मन्त्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में NCERT की सामान्य परिषद् की 57वीं बैठक में ऑनलाईन भाग लिया।

75. दिनांक 23 अक्तूबर, 2020 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद् की बैठक में भाग लिया।

76. दिनांक 26 अक्तूबर, 2020 को यू.जी.सी. मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा उन्मुखी कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

77. दिनांक 30 अक्तूबर, 2020 को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में बैठक आयोजित की गई।

78. दिनांक 3 नवम्बर, 2020 को शुलिनी विश्वविद्यालय सोलन द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020" विषय पर विज्ञान वेब श्रृंखला में वेबिनार की अध्यक्षता की।

79. दिनांक 3 नवम्बर, 2020 को सभागार में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों, शोध केन्द्रों के निदेशकों तथा विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

80. दिनांक 8 नवम्बर, 2020 को सभागार में डॉ.वाई.एस.परमार पीठ द्वारा आयोजित सम्मेलन में माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

81. दिनांक 13 नवम्बर, 2020 को आकाशवाणी शिमला द्वारा जनवाणी कार्यक्रम में लाईव साक्षात्कार में भाग लिया।

82. दिनांक 26 नवम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय में डॉ.बी.आर.अम्बेडकर आधुनिक भारत के वास्तुकार विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

83. दिनांक 12 दिसम्बर, 2020 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान तथा चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

84. दिनांक 17 दिसम्बर, 2020 को प्रदेश सचिवालय में "उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का कार्यन्वयन" विषय पर आयोजित बैठक में भाग लिया।

85. दिनांक 18 दिसम्बर, 2020 को प्रदेश सचिवालय में शिक्षा परिषद् की बैठक में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

86. दिनांक 18 दिसम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा " कोविड-19 के दौरान व बाद में म्यूचुअल फंड सहित व्यक्तिगत वित्त के प्रबन्धन के लिए रणनीति" विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

87. दिनांक 22 दिसम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय के इक्डोल द्वारा " भारतीय शिक्षा प्रणाली पर पोस्ट कोविड-19 के प्रभाव" विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

88. दिनांक 22 दिसम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा "राष्ट्रीय गणित दिवस" पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

89. दिनांक 23 दिसम्बर, 2020 को माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हि.प्र.वि.वि. जी के साथ ऑनलाईन बैठक में भाग लिया।

90. दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय समिति कक्ष में कार्यकारिणी परिषद की वर्ष 2020 की अंतिम बैठक आयोजित की गई।

91. दिनांक 4 जनवरी, 2021 को पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की परामर्श-दात्री की बैठक आयोजित की गई।

92. दिनांक 21 जनवरी, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर में ''वृक्षारोपण अभियान'' का शुभारम्भ किया गया।

93. दिनांक 23 जनवरी, 2021 को ऑनलाईन माध्यम से ''आपातकालीन शक्तियों का कानूनः तुलनात्मक सामान्य कानून के दृष्टिकोण'' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।

94. दिनांक 25 जनवरी, 2021 को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्ण राज्यत्व दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

95. दिनांक 26 जनवरी, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर में गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण किया गया।

96. दिनांक 28 जनवरी, 2021 को विश्वविद्यालय के जनसंख्या अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता की गई।

97. दिनांक 30 जनवरी, 2021 को विश्वविद्यालय में स्वतन्त्रता सेनानियों को स्मरण करते हुए शहीदी दिवस की अध्यक्षता की तथा इस उपलक्ष्य पर शहीदों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

98. दिनांक 1 फरवरी, 2021 को विश्वविद्यालय में ई.आर.पी. सिस्टम को और बेहतर बनाने हेतु बैठक की अध्यक्षता की।

99. दिनांक 11 फरवरी, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दीन दयाल उपाध्याय पीठ द्वारा ''दीन दयाल उपाध्याय के 53वीं पुण्य-तिथि'' के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी की ऑनलाईन अध्यक्षता की।

100. दिनांक 15 फरवरी, 2021 को भारतीय शिक्षण मण्डल, हिमाचल प्रान्त, नीति आयोग एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

अब मैं कुलसचिव से आग्रह करता हूं कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को विश्वविद्यालय कोर्ट के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

**मद सं0–1:** **विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 24.12.2019 को हुई 31वीं बैठक की कार्यवाही का पुष्टिकरण।**

.................

**विश्वविद्यालय कोर्ट ने अपनी पिछली बैठक दिनांक 24–12–2019 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण किया।**

**मद सं0–2:** विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 24.12.2019 को हुई 31वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।

..................

**विश्वविद्यालय कोर्ट ने पिछली बैठक दिनांक 24–12–2019 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट कर अनुमोदित किया।**

**मद सं0–3:** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वर्ष 2016–2017 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन कार्यकारिणी परिषद् की बैठक दिनांक 21.11.2020 की मद संख्या 14 के अन्र्तगत अनुमोदित की गई है तथा अब इसे विश्वविद्यालय कोर्ट मे अनुमोदन हेतु हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधिनियम, 1970 (संशोधित) की धारा–29 के प्रावधानों के अनुरूप प्रस्तुत है।

..................

**विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 (संशोधित) की धारा–29 के प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वर्ष 2016–2017 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को अपनी स्वीकृति प्रदान की। परन्तु माननीय कुलाधिपति महोदय ने विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को समयबद्ध तैयार न करने का भी संज्ञान लिया और आदेशित किया कि भविष्य में विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन समयबद्ध तैयार करवाऐं जाए। जिसपर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कुलाधिपति को आश्वस्त किया कि वर्ष 2017–18 व वर्ष 2018–19 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को विश्वविद्यालय कोर्ट की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।**

**मद सं0–4:** विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 20(2) 37(1 व 2) के प्रावधान के अनुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19 विचारार्थ व स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

..................

**विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 20(2) 37(1 व 2) के प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वर्ष 2018–19 के वार्षिक प्रतिवेदन को अपनी स्वीकृती प्रदान की।**

- माननीय कुलाधिपति महोदय ने विश्वविद्यालय कुलगीत एवं **documentary** का भी विमोचन किया। इसके अतिरिक्त माननीय कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय कोर्ट के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र दिनांक 22.02.2021 से आरम्भ किया जाना प्रस्तावित है जिसके दृष्टिगत विश्वविद्यालय छात्रावासों को भी खोला जाना अपेक्षित है। जिस पर सभी सम्माननीय सदस्यों द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशो का अनुसरण करते हुए सभी शैक्षणिक विभागों एवं छात्रावासों को पूर्व की भांति कार्यानवित किए जाने की अनुशंसा की। इसके अतिरिक्त सम्माननीय सदस्यों ने छात्रों के लिए **online** व **offline** दोनो विकल्पों के माध्यम से कक्षाओं में उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा पूर्व के अनुसार जारी रखने की भी अनुशंसा प्रदान की।
- माननीय सदस्य श्री बिपन कुमार ने बैठक में यह प्रस्ताव रखा कि जिस प्रकार विश्वविद्यालय भविष्य निधि/अंशदायी पेंशन की राशि को अपने स्तर पर ही विनियमित करता है उसी प्रकार राष्ट्रीय पेंशन योजना को भी विश्वविद्यालय अपने स्तर पर विनियमित करे। इस पर माननीय कुलपति महोदय ने प्रकरण को वित्त समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु सुझाव दिया जिसका सभी माननीय सदस्यों ने अनुमोदन किया।

माननीय कुलाधिपति महोदय ने विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इसे आगे बढाने के लिए और अधिक प्रयासों एवं अनुसंधान और नवोन्मेष के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी के समुचित एवं समयबद्ध उपयोग के प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया जाये ताकि छात्र समुदाय वर्तमान परिदृष्य के समकक्ष विकसित हो सके।

माननीय कुलाधिपति महोदय ने विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक में उपस्थित सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा अपने समबोधन में कहा कि:–

1. पिछला वर्ष कोरोना महामारी के कारण सभी के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। मैं बधाई देता हूँ विश्वविद्यालय प्रशासन व शिक्षक वर्ग को, जिन्होंने ऑनलाईन कक्षाएँ लगाकर शैक्षणिक गतिविधियों को जारी रखा।
2. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की यह महत्वपूर्ण बैठक है। हालांकि, इसमें पिछली बैठक के निर्णयों पर हुए अमल का लेखा–जोखा लिया जाता है लेकिन,

इस मौके पर हम विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को और कैसे बेहतर ढंग से चला सकते हैं और इसे कैसे आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जा सकता है, इस पर विचार जरूरी है।

3. यह साल हम राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मना रहे हैं। कुलाधिपति के नाते मैं चाहता हूँ कि आप सभी की इसमें भूमिका रहे और ऐसी गतिविधियाँ कार्यान्वित की जाएं जो इस उच्च शिक्षण संस्थान की विकास यात्रा को इंगित करती हों।

4. विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थान का दायित्व राज्य के विकास में अहम् है। हम युवा शक्ति को बौद्धिक ज्ञान देकर कैसे रचनात्मक दिशा दे सकते हैं, इसपर चिंतन जरूरी है।

5. तीन प्रमुख तत्व हैं जो राष्ट्र की प्रगति में योगदान देते हैं। ये हैं:— शिक्षा, रोजगार और सशक्तिकरण। राष्ट्र तब स्थिर गति से विकसित होता है जब देश के युवा शिक्षित हों। यह वह समय है जब सार्वभौमिक छवि के साथ एक मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्धता की जरूरत है। और यह तभी संभव है जब इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

6. हमें आकादमिक और अनुसंधान गतिविधियों को इस प्रकार संचालित करना होगा कि आज का विद्यार्थी कल एक ऐसे युवा के रूप में परिवर्तित हो सके जो विभिन्न चुनौतियों से निपटने में समर्थ हो।

7. हमें समूचे विश्व में जहाँ कहीं भी श्रेष्ठ कार्य हो रहे हैं, उनसे प्रेरणा लेकर अपने अकादमिक और अनुसंधान के स्तर को और ऊँचा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार के अत्याधुनिक साधनों ने विश्व के देशों को एक—दूसरे के नजदीक लाने में महत्वपूर्ण योगदान किया है। हमें इसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए।

8. भारत सरकार ने 34 साल बाद देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है। यह शिक्षा नीति ज्ञान—विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार, संस्कारक्षम, मूल्यपरक, हर क्षेत्र में हर परिस्थिति का मुकाबला करने वाली भारत को ज्ञान की महाशक्ति के रूप में उभारेगी, ऐसा मेरा मानना है। लेकिन, इसका क्रियान्वयन भी चुनौतिपूर्ण है। इसलिए जरूरी है कि इसके व्यापक स्वरूप को समझकर इसे क्रियान्वित किया जाए। शिक्षा नीति को लेकर संवाद भी बहुत जरूरी है। जितना संवाद होगा उतनी ही जानकारी स्पष्ट होगी और इसका इंप्लीमेंटेशन आसान होगा। इसके सफल कार्यन्वयन में आप सभी का सहयोग बहुमूल्य है।

9. विद्यार्थियों की अकादमिक आवश्यकताओं को पूरा करने में कही कोई कोताही न हो, इसका हमें पूरा ध्यान रखना पडेगा। युवाओं में सम–सामयिक चुनौतियों का सामना करने का साहस और क्षमता विकसित करना भी हमारी जिम्मेदारी है तभी विश्वविद्यालय सही मायनों में अपनी भूमिका का निभा पाएगा।
10. कुलपति प्रो. सिकंदर कुमार जी इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहे हैं। मुझे विश्वास है आने वाले वर्षों में यह विश्वविद्यालय नित नई ऊचाईयों को हासिल करेगा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श बनकर उभरेगा।

अन्त में कुलसचिव के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(सुनील शर्मा) हि०प्र०से०
कुलसचिव

सत्यापित

17/2/2024.
(आचार्य सिकन्दर कुमार)
कुलपति

प्रतिहस्ताक्षर

(श्री बंडारू दत्तात्रेय)
कुलाधिपति/ सभापति